आईआईएम रांची के प्रबंधन महोत्सव का समापन, 1500 प्रतिभागी हुए शामिल

युवाओं ने बाजार की चुनौतियों से निपटने का दिखाया कौशल

एगॉन-4.0

रांची | **प्रमुख संवाददाता**

आईआईएम रांची का दो दिवसीय वार्षिक प्रबंधन उत्सव एगॉन-4.0, रविवार को संपन्न हुआ। इस मेगा-प्रबंधन इवेंट में 20 से अधिक प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में देश के शीर्ष प्रबंधन स्कूलों के 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

एगॉन-4.0 के दिन की शुरुआत 'मैन्यूवर 4.0' के साथ हुई। इसका आयोजन आईआईएम रांची के एचआर क्लब 'हायर' की ओर से किया गया था। इस भर्ती बोली-प्रक्रिया प्रतियोगिता में 370 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से छह टीमों को फाइनल के लिए चुना गया था। इसमें विजेता बनी आईआईटी खड़गपुर की टीम अनुसुंधिशु। इसमें निर्णायक थे मैनेजमेंट प्रोफेशनल अक्षत गुप्ता।



मैन्यूवर 4.0 की विजेता आईआईटी खड़गपुर की टीम अनुसुंधिशु को पुरस्कृत किया गया।

केस स्टडी पर आधारित प्रतियोगिता सिमवोलस में 600 से अधिक प्रतिभागियों में हिस्सा लिया। इसमें आईआईएम रांची विजेता बनी। आईआईएम के ई-सेल की ओर से लाइव केस स्टडी पर आधारित प्रतियोगिता- एनकेस 3.0 व लाइव फ्लोर ट्रेंडिंग पर आधारित प्रतियोगिता मेरकाटस 18, में देश के शीर्ष बी-स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें आईआईएम रांची की टीम एड्रोइट को जीत मिली। साहित्यिक क्लब ने टेरा न्यूलियस का आयोजन किया, जो जुबानी जंग थी।

इंटरैक्टिव लाइव बिजनेस सिमुलेशन ने प्रतिभागियों को अपने निर्णय कौशल को परखने में मदद की। इसमें उन्होंने मांग की भविष्यवाणी, कारखाने की स्थापना, नए उत्पादन तकनीकों और नए उत्पादों को पेश कर बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की चुनौतियों का सामना करने का कौशल दिखाया। क्विज प्रतियोगिता में युवा पेशेवर क्विज मास्टर पलक कुमार मौजूद थे। इसमें प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बना। इस प्रबंधन उत्सव का समापन खेलगांव स्टूडेंट ब्लॉक में आयोजित सांस्कृतिक संध्या से हुआ।

Hindustan, 01.10.2018, Pg. 16